केवल आंतरिक वितरण हेतु

# सृजन

अप्रैल, 2026

जालौर नागरिक सहकारी बैंक के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

## महामहिम राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े ने किया लोकार्पण

जालौर नागरिक सहकारी बैंक के राजेन्द्र नगर रोड, जालौर स्थित नव–निर्मित प्रधान कार्यालय भवन का लोकार्पण बैंक के बैंक के संचालकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, अंशधारियों, अमानतदारों व अन्य ग्राहकों सहित हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों के मध्य राज्य के महामहिम राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े के कर कमलों से हुआ। महामहिम ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि सहकारी बैंक छोटे उद्यमियों, कुटीर उद्योगों, किसानों, फल–सब्जी विक्रेताओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाकर उन्हें अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने में योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी बैंकों को अधिक से अधिक संख्या में वंचित वर्ग के लोगों को जोड़ना होगा।



समारोह में नेशनल फैडरेशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी ने बताया कि अरबन बैंकें देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कोर्पोरेशन (अम्ब्रेला संगठन) के अध्यक्ष श्री ज्योतिन्द्र भाई मेहता ने बताया कि अम्ब्रेला संगठन के माध्यम से देश के अरबन बैंकों को तकनीकी व पूंजीगत सहयोग देकर सशक्त व सुदृढ़ बनाने के प्रयास किये जायेंगे।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे स्थानीय विधायक तथा राज्य विधान सभा के मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग ने सहकारिता के क्षेत्र में गुजरात व महाराष्ट्र मॉडल का अनुसरण करने व गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने की बात कही। उन्होंने बताया कि वे बैंक के प्रारंभ से ही अंशधारक हैं, बैंक के व्यवसाय में हुई बढ़ोतरी से उन्हें बेहद प्रसन्नता है।

जालौर बैंक के अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह अत्यंत गौरव की बात है कि सहकार क्षेत्र के शिखर पुरूष महामहिम राज्यपाल द्वारा बैंक भवन का लोकार्पण किया गया है। श्री पाराशर ने मुख्य सचेतक श्री जोगेशर गर्ग, नेशनल फैडरेशन अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास एवं अम्ब्रेला संगठन के अध्यक्ष श्री ज्योन्द्रि भाई मेहता का भावपूर्ण शब्दों में स्वागत व अभिनन्दन किया। मंच संचालक बैंक के प्रबंध निदेशक श्री परमानंद भट्ट ने किया।






सहकारी बैंक लि.
SAHAKARI BANK LTD.


JALORE NAGRIK SAHAKARI BANK LIMITED
जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.


जालोर नागरिक सहकारी बैंक लि.
JALORE NAGRIK SAHAKARI BANK LTD

# फैडरेशन के संचालक मण्डल की बैठक दिनांक 15.04.2026 जालौर में सम्पन्न

फैडरेशन के संचालक मण्डल की बैठक बुधवार, दिनांक 15.04.2026 को सांय 7:30 बजे वतन रिसोर्ट, इच्छापूर्ण हनुमान मंदिर के सामने, बिशनगढ़, जालौर में फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सभी संचालक महोदयों का अभिनंदन किया। उन्होंने बताया कि यह बैठक जालौर नागरिक सहकारी बैंक के सौजन्य से आयोजित हुई है जिसके लिये जालौर बैंक के अध्यक्ष, जो फैडरेशन के माननीय अध्यक्ष है, का विशेष आभार व्यक्त किया। बैठक में उपस्थित फैडरेशन के उपाध्यक्ष श्री हरगोविन्द जैन एवं उपस्थित सभी संचालकों द्वारा भी श्री पाराशर एवं उनके बैंक के संचालकों व स्टाफ का बैठक के लिये आये हुए सभी प्रतिभागियों के भोजन एवं अन्य सभी प्रकार की उत्तम व्यवस्थाओं के लिये धन्यवाद दिया।

अध्यक्ष महोदय श्री पाराशर ने, उनके निवेदन पर आतिथ्य को स्वीकार कर जालौर पधारने के लिये सभी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह मेरे और जालौर नागरिक सहकारी बैंक के संचालकों के लिये सौभाग्य है कि इस भीषण गर्मी में यहां पधार कर हमें अनुगृहीत किया।



बैठक के प्रारंभ में फैडरेशन के संचालक की गत बैठक में सहवरण किये गये संचालकों श्री जिनेन्द्र जैन, डॉ. प्रदीप जोशी एवं विशेष आमंत्रित सदस्य श्री नरेन्द्र सिंह डाबी का माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया गया।

बैठक में संचालक मंडल की गत बैठक दिनांक 23.03.2026 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि करते हुए निर्णयों पर फैडरेशन द्वारा की गई कार्यवाही का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया गया। इसके साथ ही फैडरेशन के वित्तीय वर्ष 2025–26 के अंतिम लेखों का अनुमोदन करते हुए स्वीकृत बजट के विरूद्ध हुए व्ययों का अवलोकन किया गया तथा वर्ष 2026–27 के लिये बजट स्वीकृत किया गया।

फैडरेशन को सदस्य बैंकों द्वारा देय वार्षिक सदस्यता शुल्क की दरों में कोई परिवर्तन न करते हुए पूर्व दरों पर ही वर्ष 2026–27 का सदस्यता शुल्क लेने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि गत वर्षों के बकाया सदस्यता शुल्क की राशि भी प्राप्त करने हेतु निवेदन किया जावे।

वित्तीय वर्ष 2026–27 के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं



नव संवत् वर्ष 2083 के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं

# अध्यक्षीय संदेश

माह अप्रैल, 2026 से हमारा नया वित्तीय वर्ष प्रारंभ हो चुका है जिसकी हार्दिक शुभकामनाएं। 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के जो आंकड़े बैंकों द्वारा फैडरेशन को प्रेषित किये गये हैं, उनके अनुसार 5–7 बैंकों की प्रगति आशानुकूल है। परंतु इसके साथ ही 10–12 बैंक ऐसे रहे हैं जिन्होंने ऋणात्मक वृद्धि दर प्रदर्शित की है। जिसके फलस्वरूप समेकित रूप से व्यवसाय में वृद्धि दर मात्र 7.60 प्रतिशत ही रह पाई है।

गत वर्षों की तुलना में इस वर्ष में हमारे बैंकों को कई अधिकार मिले हैं जिनका हमें बैंक हित में भरपूर उपयोग करना चाहिये। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंकों को कम्प्रोमाईज्ड सैटलमेंट स्कीम बनाने एवं उसकी क्रियान्विति कर गैर–निष्पादित ऋणों की वसूली की सुविधा मिली है। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा धारा 99–100 के अधिकार बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को देकर वसूली प्रक्रिया को आसान बनाया है। बैंक में आवश्यकतानुसार स्टाफ की आवश्यकता के लिये सहकारी विभाग पर निर्भरता नही रही है। इन सबका लाभ लेते हुए बैंक के व्यवसाय में वृद्धि और नई शाखा खोले जाने का प्रयत्न करें।

बैंक प्रबंधन एवं वरिष्ठ अधिकारियों को बैंक की आर्थिक गतिविधियों की समीक्षा किये जाने की आवश्यकता है कि हमारे बैंक ने किन मदों में अच्छी उपलब्धि अर्जित की है और किन मदों में कुछ कमियां रही हैं। कमियों के कारणों एवं उनमें सुधार के लिये विशेष प्रयास करने के बारे में हमें गहन चिन्तन करने की आवश्यकता है ताकि आगामी वर्ष में हम अपने लक्ष्यों की प्राप्ति सुगमता से कर सकें।

नव वित्तीय वर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ।

मोहन पाराशर
अध्यक्ष

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रैल, 2025 के अंक से राज्य के अरबन बैंकों के अध्यक्षों का प्रोफाईल विवरण ''फैडरेशन के माननीय सदस्य'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इस माह अप्रेल, 2026 के अंक में श्रीमती किरण जैन, माननीय अध्यक्ष, उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑपरेठिव बैंक लि. उदयपुर का प्रोफाईल विवरण प्रस्तुत है।



# श्रीमती किरण जैन

माननीय अध्यक्ष – उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑप.बैंक

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | डॉ. किरण जैन |
| 2 | पति का नाम | श्रीमान् रुपलाल जैन |
| 3 | निवास | 4, महावीर विद्या मंदिर स्कूल के सामने, सेक्टर 13, उदयपुर (राज.) |
| 4 | वाट्सएप मोबाईल नम्बर | 9413317824 |
| 5 | फोन नंबर कार्यालय व निवास | 0294–2410003 |
| 6 | ईमेल–कार्यालय एवं व्यक्तिगत | jainkiran18862@gmail.com |
| 7 | शैक्षणिक योग्यता | पीएच. डी. (राजनीति विज्ञान) एम.ए. |
| 8 | व्यवसाय | स्माल स्केल इण्डस्ट्री एवं माइंस |
| 9 | जन्मतिथि | 18.08.1962 |
| 10 | विवाह तिथि | 21.05.1981 |
| 11 | अरबन बैंक से जुडाव कब से है | 32 वर्षो से (बैंक की संस्थापक उपाध्यक्ष), वर्तमान में बैंक की अध्यक्ष है। |
| 12 | सामाजिक गतिविधियां | 1. अध्यक्ष, त्रिशला जागृति मंच, उदयपुर।<br>2. लायंस क्लब इंटरनेशनल से जुडाव एवं पूर्व रीजन चेयरमेन।<br>3. भारत जैन महामण्डल से जुडाव एवं पूर्व संगठन मंत्री। |
| 13 | अन्य उपलब्धियां | 1. भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर की चार बार महामंत्री।<br>2. भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य<br>3. नगर निगम उदयपुर की भवन अनुमति समिति अध्यक्ष रही।<br>4. नगर निगम उदयपुर की दो बार पार्षद रही।<br>5. नगर विकास प्रन्यास की ट्रस्टी रही। |

जालौर में आयोजित हुई अरबन बैंकों की नेशनल सेमीनार

## अरबन बैंकें देश व जनता का इकानामिक एम्पावरमेंट करते हैं — लक्ष्मीदास

नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को—ऑपरेटिव बैंक्स एण्ड क्रेडिट सोसाइटीज (नेफकब) के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी ने कहा कि अरबन को—ऑपरेटिव बैंकें देश व जनता का इकानामिक एम्पारमेंट करते हैं। यह बात उन्होंने दि राजस्थान अरबन को—ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर द्वारा जालौर अरबन बैंक के सौजन्य से 15 अप्रैल, 2026 को वतन रिसोर्ट जालौर में आयोजित नेशनल सेमीनार की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बैंकों द्वारा किये जा रहे अच्छे कामों की प्रशंसा होनी चाहिये। देश की अरबन बैंकें अपनी आय में से लाभ को बांटते नहीं हैं। सरकार को 18000 करोड़ रूपये का आयकर देकर देश व जनता का इकानामिक एम्पावरमेंट करते हैं। सरकार की जीडीपी में योगदान करते है। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों में रेगुलेटरी आथोरिटी से अरबन बैंकों का सामंजस्य नहीं हो पा रहा है किन्तु यदि हम अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पूर्ण सजगता से काम करेंगें तो उन्हें भी हम पर विश्वास हो जायेगा । बैंक में गुड गवर्नेंस के लिये प्रयास करके अच्छे से अच्छा सीखना चाहिये। अंत में उन्होंने कहा कि देश के सहकारिता मंत्री द्वारा किये गये आव्हान के परिप्रेक्ष्य में बैंक की नई शाखाएं वहां खोलें जहां पहले से अरबन को—ऑपरेटिव बैंक की कोई शाखा नहीं है।




सेमीनार के अति विशिष्ठ अतिथि NUCFDC (अरबन बैंकों के लिये अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) के अध्यक्ष श्री ज्योतिन्द्र भाई मेहता ने बताया कि पूरे देश में 1484 अरबन को—ऑपरेटिव बैंकें हैं जो संगठित हैं। उन्होंने अरबन बैंकों के कम होते मार्केट शेयर पर चिन्ता व्यक्त की पहले 4 प्रतिशत अब केवल 2.34 प्रतिशत रह गया है। यद्यपि दूसरे बैंकों में नई—नई तकनीक आने के कारण अरबन बैंकों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है किन्तु ये भारत की जनता ने बनाई हुई सोश्यल असेस्ट्स हैं। समय के साथ अरबन बैंकों में भी बदलाव लाना होगा। अन्य बैंकें नई पीढ़ी को जो सुविधा दे रहे हैं, वे हमें भी देनी होगी। अरबन बैंकों की प्रगति के लिये सरकार ने जो 5 लक्ष्य — डबल द प्रोफिट, डबल द बिजनिस, एक टियर लेवल बढ़ना निर्धारित किये हैं उनकी पूर्ति के लिये हमें मिलजुल कर प्रयास करना होगा।

फैडरेशन अध्यक्ष सीए मोहन पाराशर ने सहकारी बैंकों में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुदृढ़ मैनेजमेंट के साथ बैंक में लेखा परीक्षकों और बैंक बोर्डों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में बताया।

सेमीनार का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं राष्ट्रगीत वंदे मातृरम के गान के साथ प्रारंभ हुआ। मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल. शर्मा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि सेमीनार में राजस्थान के अरबन बैंकों के अध्यक्ष, निदेशकगण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ—साथ गुजरात राज्य के अरबन बैंकों का भी प्रतिनिधित्व रहा। फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर ने सभी विशिष्ट अतिथियों तथा विशेष रूप से पधारे नेफकब अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी एवं NUCFDC के अध्यक्ष श्री ज्योतिन्द्र भाई मेहता जी का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। उन्होंने सेमीनार के बारे में जानकारी उपलब्ध कराते हुए फैडरेशन के संचालकगण एवं सभी उपस्थित सहकार बन्धुओं का स्वागत व अभिनन्दन किया जिन्होंने जालौर जैसे दूरगामी शहर में पधार कर राज्य के बैंकिंग सेक्टर को अनुग्रहीत किया है।

इस सेमीनार में सर्वत्र टैक्नोलोजी के प्रतिनिधि, अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन के मुख्य तकनीकी अधिकारी श्री पद्मभूषण बहादुरे द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस टूल का बैंकों में उपयोग करने के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने बैंकों को सायबर अपराधों से बचाने के लिये आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए साइबर इंश्योरेंस की आवश्यकता बताई। अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन के मुख्य संबंध अधिकारी श्री सुमित हंस द्वारा इस संस्था द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं व सेवाओं की जानकारी दी।













**The Rajasthan Urban Cooperative Banks Federation Ltd , Jaipur**

**National Seminar 15 April 2026**



# THE RAJASTHAN URBAN CO – OP. BANKS FEDERATION LIMITED

## AGM OF UCBs Held in Last 4 Years

| S. No. | Name of Banks | For 2021-22 | For 2022-23 | For 2023-24 | For 2024-25 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Balotra Urban Co-op Bank | 21.8.2022 | 27.08.2023 | 27.09.2024 | 14.09.2025 |
| 2 | Baran Nagrik Sahakari Bank Ltd. | 24.8.2022 | 10.09.2023 | 20.09.2024 | 14.09.2025 |
| 3 | Beawar Urban Co-op Bank | 09.07.2022 | 18.09.2023 | 08.09.2024 | 05.09.2025 |
| 4 | Bharatpur Urban Co-op Bank | NA | 28.09.2024 | 28.09.2024 | 27.09.2025 |
| 5 | Bhilwara Urban Co-op Bank | NA | 17.09.2023 | 10.09.2024 | 04.09.2025 |
| 6 | Bundi Urban Co-op Bank | NA | 24.09.2023 | 29.09.2024 | 21.09.2025 |
| 7 | Chittorgarh Urban Co-op Bank | 28.5.2022 | 14.5.2023 | 22.06.2024 | 07.06.2025 |
| 8 | Churu Zila Urban Co-op Bank | 10.08.2022 | 24.07.2023 | 02.08.2024 | 02.08.2025 |
| 9 | Dausa Urban Co-op Bank | 26.03.2023 | 24.09.2023 | 25.08.2024 | 17.08.2025 |
| 10 | Dholpur Urban Coop. Bank | NA | 26.08.2023 | 19.09.2024 | 20.09.2025 |
| 11 | Integral Urban Coop. Bank | 10.09.2022 | 09.09.2023 | 14.09.2024 | 13.09.2025 |
| 12 | Jalore Nagrik Sahakari Bank | 13.08.2022 | 09.09.2023 | 13.07.2024 | 10.08.2025 |
| 13 | Jhalawar Nagrik Sahakari Bank | 24.09.2022 | 23.09.2023 | 14.09.2024 | 13.09.2025 |
| 14 | Jodhpur Nagrik Sahakari Bank | 14.08.2022 | 24.09.2023 | 22.09.2024 | 28.09.2025 |
| 15 | Kota Mahila Nagrik Sahakari Bank | NA | 24.11.2024 | 24.11.2024 | NA |
| 16 | Kota Nagrik Sahakari Bank | 16.10.2022 | 15.09.2024 | 15.09.2024 | 29.09.2025 |
| 17 | Malviya Urban Coop. Bank | 17.09.2022 | 23.10.2023 | 16.09.2024 | 19.09.2025 |
| 18 | Nagaur Urban Coop. Bank | 17.09.2023 | 17.09.2023 | NA | NA |
| 19 | Pali Urban Coop. Bank | 09.08.2022 | 24.09.2023 | 29.09.2024 | 28.09.2025 |
| 20 | Railway Employees, Jaipur | 03.09.2022 | 05.08.2023 | 19.09.2024 | 26.08.2025 |
| 21 | Rajlaxmi Mahila Ur Coop. Bank | 24.12.2022 | 09.09.2023 | 04.08.2024 | 27.07.2025 |
| 22 | Rajputana Mahila Ur Co-op Bank | 18.09.2022 | 23.09.2023 | 15.09.2024 | 14.09.2025 |
| 23 | Rajsamand Urban Coop. Bank | 11.09.2022 | 23.08.2023 | 25.09.2024 | 28.09.2025 |
| 24 | Sawaimadhopur Urban Coop. Bank | 30.09.2022 | 14.09.2023 | 10.08.2024 | 21.08.2025 |
| 25 | Sikar Urban Co-op Bank | 05.09.2022 | 24.09.2023 | 26.09.2024 | 20.09.2025 |
| 26 | The Raj. Urban Co-op Bank, Jaipur | 27.08.2022 | 23.09.2023 | 27.09.2024 | 21.09.2025 |
| 27 | The Sterling Urban Co-op Bank | 23.09.2022 | 13.12.2025 | 13.12.2025 | 13.12.2025 |
| 28 | Udaipur Mahila Sam. Ur Coop Bank | 28.05.2022 | 22.06.2024 | 22.06.2025 | 22.06.2025 |
| 29 | Udaipur Mahila Urban Co-op Bank | 07.06.2022 | NA | NA | 05.07.2025 |
| 30 | Udaipur Urban Co-op Bank | 27.05.2022 | 26.05.2023 | 24.05.2024 | 23.05.2025 |
| | **Multi-State Banks** | | | | |
| 31 | Mount Nagrik Sahakari Bank | 24.09.2022 | 17.09.2023 | 22.09.2024 | 21.09.2025 |
| 32 | Fingrwoth Co-operative Bank Ltd | 08.09.2022 | 20.09.2023 | 12.09.2024 | 19.09.2025 |
| 33 | Railway Shramik Sah Bank, Bikaner | 26.12.2022 | NA | 10.09.2024 | NA |
| 34 | The Railway Employees, Jodhpur | 03.06.2022 | 31.05.2023 | 30.05.2024 | NA |

# THE RAJASTHAN URBAN CO – OP. BANKS FEDERATION LIMITED

## Business of UCBs (As on 31.03.2026)

(Rs. In Lacs)

| S.No. | Name of Banks | Working Capital | Deposit | Loan out-standing | Business | Category | No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Railway Employees, Jaipur | 143255.29 | 114460.22 | 94235.83 | 208696.05 | More than 1000 Crore | 5 |
| 2 | Mount Nagrik Sahakari Bank | 178337.99 | 101229.26 | 63226.80 | 164456.06 | More than 1000 Crore | |
| 3 | Udaipur Urban Co-op Bank | 110609.38 | 91353.28 | 37247.04 | 128600.32 | More than 1000 Crore | |
| 4 | Kota Nagrik Sahakari Bank | 112298.27 | 84536.30 | 38165.59 | 122701.89 | More than 1000 Crore | |
| 5 | Baran Nagrik Sahakari Bank Ltd. | 75933.14 | 67663.11 | 40361.89 | 108025.00 | More than 1000 Crore | |
| 6 | Fingrwoth Co-operative Bank Ltd | 71482.63 | 57721.35 | 39825.21 | 97546.56 | 500 to 1000 Crore | 5 |
| 7 | Jalore Nagrik Sahakari Bank | 66219.87 | 54156.37 | 37717.95 | 91874.32 | 500 to 1000 Crore | |
| 8 | Jodhpur Nagrik Sahakari Bank | 46054.54 | 41966.15 | 15135.13 | 57101.28 | 500 to 1000 Crore | |
| 9 | Pali Urban Coop. Bank | 38272.68 | 35017.51 | 21440.09 | 56457.60 | 500 to 1000 Crore | |
| 10 | The Railway Employees, Jodhpur | 37417.45 | 30619.66 | 25256.43 | 55876.09 | 500 to 1000 Crore | |
| 11 | Malviya Urban Coop. Bank | 29245.21 | 27187.21 | 14500.67 | 41687.88 | 250 to 500 Crore | 6 |
| 12 | Balotra Urban Co-op Bank | 26561.56 | 23326.70 | 12976.28 | 36302.98 | 250 to 500 Crore | |
| 13 | Udaipur Mahila Urban Co-op Bank | 30478.74 | 25628.42 | 8544.15 | 34172.57 | 250 to 500 Crore | |
| 14 | Rajsamand Urban Coop. Bank | 27083.38 | 21242.41 | 11184.20 | 32426.61 | 250 to 500 Crore | |
| 15 | Integral Urban Coop. Bank | 22730.08 | 18406.18 | 8292.64 | 26698.82 | 250 to 500 Crore | |
| 16 | Dausa Urban Co-op Bank | 19820.61 | 17246.28 | 8843.59 | 26089.87 | 250 to 500 Crore | |
| 17 | Chittorgarh Urban Co-op Bank | 17994.72 | 16192.53 | 7749.08 | 23941.61 | 100 to 250 Crore | 10 |
| 18 | Railway Shramik Sah Bank, Bikaner | 15497.82 | 12150.03 | 11448.92 | 23598.95 | 100 to 250 Crore | |
| 19 | Bhilwara Urban Co-op Bank | 19223.21 | 15816.00 | 7223.00 | 23039.00 | 100 to 250 Crore | |
| 20 | Udaipur Mahila Sam. Ur Coop Bank | 17065.59 | 15248.41 | 6445.56 | 21693.97 | 100 to 250 Crore | |
| 21 | Nagaur Urban Coop. Bank | 12171.79 | 9948.62 | 6664.12 | 16612.74 | 100 to 250 Crore | |
| 22 | Bundi Urban Co-op Bank | 12758.10 | 9463.20 | 5368.34 | 14831.54 | 100 to 250 Crore | |
| 23 | Beawar Urban Co-op Bank | 10061.41 | 8028.77 | 4989.60 | 13018.37 | 100 to 250 Crore | |
| 24 | Jhalawar Nagrik Sahakari Bank | 12059.65 | 8103.87 | 3947.45 | 12051.32 | 100 to 250 Crore | |
| 25 | Churu Zila Urban Co-op Bank | 8570.88 | 7722.95 | 4167.08 | 11890.03 | 100 to 250 Crore | |
| 26 | Dholpur Urban Coop. Bank | 7618.30 | 6694.46 | 4108.00 | 10802.46 | 100 to 250 Crore | |
| 27 | Rajlaxmi Mahila Ur Coop. Bank | 6620.60 | 5936.18 | 3644.70 | 9580.88 | Below 100 Crore | 8 |
| 28 | Kota Mahila Nagrik Sahakari Bank | 8360.79 | 6674.13 | 2417.20 | 9091.33 | Below 100 Crore | |
| 29 | The Sterling Urban Co-op Bank | 8499.96 | 6725.29 | 1914.78 | 8640.07 | Below 100 Crore | |
| 30 | Rajputana Mahila Ur Co-op Bank | 6176.50 | 4976.58 | 3006.92 | 7983.50 | Below 100 Crore | |
| 31 | Bharatpur Urban Co-op Bank | 6817.26 | 5790.69 | 1691.29 | 7481.98 | Below 100 Crore | |
| 32 | Sawaimadhopur Urban Coop. Bank | 4932.20 | 4405.62 | 2519.90 | 6925.52 | Below 100 Crore | |
| 33 | The Raj. Urban Co-op Bank, Jaipur | 417.92 | 4113.57 | 2489.90 | 6603.47 | Below 100 Crore | |
| 34 | Sikar Urban Co-op Bank | 4396.28 | 2272.74 | 1122.09 | 3394.83 | Below 100 Crore | |
| | **TOTAL** | **1215043.80** | **962024.05** | **557871.42** | **1519895.47** | | **34** |

# THE RAJASTHAN URBAN CO – OP. BANKS FEDERATION LIMITED

## Statistical information of UCBs (As on 31.03.2026)

*(Rs. In Lacs)*

| S. No. | Banks | No. of Bran-ches (In Numbers) | Members (Total Number) | Share Capital | Deposits | Advances out-standing | Business | Working capital | Net Profit after Tax and provisions |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Balotra Urban Co-op Bank | 8 | 11671 | 704.50 | 23326.70 | 12976.28 | 36302.98 | 26561.56 | 154.61 |
| 2 | Baran Nagrik Sah. Bank Ltd. | 8 | 31600 | 1900.12 | 67663.11 | 40361.89 | 108025.00 | 75933.14 | 731.93 |
| 3 | Beawar Urban Co-op Bank | 2 | 6986 | 246.12 | 8028.77 | 4989.60 | 13018.37 | 10061.41 | 53.01 |
| 4 | Bharatpur Urban Co-op Bank | 2 | 3575 | 55.98 | 5790.69 | 1691.29 | 7481.98 | 6817.26 | 63.90 |
| 5 | Bhilwara Urban Co-op Bank | 7 | 16540 | 873.61 | 15816.00 | 7223.00 | 23039.00 | 19223.21 | 31.11 |
| 6 | Bundi Urban Co-op Bank | 1 | 9408 | 321.91 | 9463.20 | 5368.34 | 14831.54 | 12758.10 | 185.53 |
| 7 | Chittorgarh Urban Co-op Bank | 7 | 2920 | 475.39 | 16192.53 | 7749.08 | 23941.61 | 17994.72 | 81.20 |
| 8 | Churu Zila Urban Co-op Bank | 2 | 6670 | 197.26 | 7722.95 | 4167.08 | 11890.03 | 8570.88 | 37.96 |
| 9 | Dausa Urban Co-op Bank | 2 | 8575 | 436.15 | 17246.28 | 8843.59 | 26089.87 | 19820.61 | 104.66 |
| 10 | Dholpur Urban Coop. Bank | 4 | 4020 | 246.70 | 6694.46 | 4108.00 | 10802.46 | 7618.30 | 50.55 |
| 11 | Integral Urban Coop. Bank | 9 | 5920 | 255.44 | 18406.18 | 8292.64 | 26698.82 | 22730.08 | 17.84 |
| 12 | Jalore Nagrik Sahakari Bank | 20 | 20115 | 1861.01 | 54156.37 | 37717.95 | 91874.32 | 66219.87 | 680.32 |
| 13 | Jhalawar Nagrik Sahakari Bank | 1 | 3495 | 200.74 | 8103.87 | 3947.45 | 12051.32 | 12059.63 | 187.54 |
| 14 | Jodhpur Nagrik Sahakari Bank | 10 | 45017 | 775.41 | 41966.15 | 15135.13 | 57101.28 | 46054.54 | 86.91 |
| 15 | Kota Mahila Nagrik Sah- Bank | 2 | 15075 | 254.02 | 6674.13 | 2417.20 | 9091.33 | 8360.79 | 74.76 |
| 16 | Kota Nagrik Sahakari Bank | 10 | 26801 | 1513.55 | 84536.30 | 38165.59 | 122701.89 | 112298.27 | 382.18 |
| 17 | Malviya Urban Coop. Bank | 7 | 5123 | 406.83 | 27187.21 | 14500.67 | 41687.88 | 29245.21 | 56.82 |
| 18 | Nagaur Urban Coop. Bank | 2 | 12976 | 318.46 | 9948.62 | 6664.12 | 16612.74 | 12171.79 | 83.37 |
| 19 | Pali Urban Coop. Bank | 11 | 16314 | 633.84 | 35017.51 | 21440.09 | 56457.60 | 38272.68 | 152.83 |
| 20 | Railway Employees, Jaipur | 5 | 21261 | 7642.58 | 114460.22 | 94235.83 | 208696.05 | 143255.29 | 2319.56 |
| 21 | Rajlaxmi Mahila Ur Coop. Bank | 3 | 4838 | 385.49 | 5936.18 | 3644.70 | 9580.88 | 6620.60 | 22.67 |
| 22 | Rajputana Mahila Ur Co-op Bank | 3 | 9073 | 258.36 | 4976.58 | 3006.92 | 7983.50 | 6176.50 | 34.48 |
| 23 | Rajsamand Urban Coop. Bank | 8 | 5918 | 539.83 | 21242.41 | 11184.20 | 32426.61 | 27083.38 | 295.94 |
| 24 | Sawaimadhopur Ur- Coop. Bank | 3 | 4680 | 99.29 | 4405.62 | 2519.90 | 6925.52 | 4932.20 | 23.17 |
| 25 | Sikar Urban Co-op Bank | 2 | 4858 | 627.69 | 2272.74 | 1122.09 | 3394.83 | 4396.28 | 101.20 |
| 26 | The Raj. Urb Co-op Bank, Jaipur | 2 | 8018 | 661.04 | 4113.57 | 2489.90 | 6603.47 | 417.92 | 20.69 |
| 27 | The Sterling Urban Co-op Bank | 6 | 5449 | 725.14 | 6725.29 | 1914.78 | 8640.07 | 8499.96 | -188.03 |
| 28 | Udaipur Mahila Sam. Ur Coop Bank | 8 | 4739 | 433.17 | 15248.41 | 6445.56 | 21693.97 | 17065.59 | 69.81 |
| 29 | Udaipur Mahila Urban Co- Bank | 7 | 5183 | 229.55 | 25628.42 | 8544.15 | 34172.57 | 30478.74 | 112.07 |
| 30 | Udaipur Urban Co-op Bank | 13 | 7084 | 351.05 | 91353.28 | 37247.04 | 128600.32 | 110609.38 | 1152.24 |
| | **TOTAL** | **175** | **333902** | **23630.22** | **760303.75** | **418114.06** | **1178417.81** | **912307.89** | **7180.83** |
| | **Multi-State Banks** | | | | | | | | |
| 31 | Mount Nagrik Sahakari Bank | 49 | 77346 | 3640.71 | 101229.26 | 63226.80 | 164456.06 | 178337.99 | 288.17 |
| 32 | Fingrwoth Co-operative Bank Ltd | 27 | 8266 | 570.50 | 57721.35 | 39825.21 | 97546.56 | 71482.63 | 856.17 |
| 33 | Railway Shramik Sah Bank, Bikaner | 1 | 5074 | 984.10 | 12150.03 | 11448.92 | 23598.95 | 15497.82 | 144.26 |
| 34 | The Railway Employees, Jodhpur | 1 | 4265 | 2597.64 | 30619.66 | 25256.43 | 55876.09 | 37417.45 | 334.90 |
| | **TOTAL** | **78** | **94951** | **7792.95** | **201720.30** | **139757.36** | **341477.66** | **302735.89** | **1623.50** |
| | **Grand TOTAL** | **253** | **428853** | **31423.17** | **962024.05** | **557871.42** | **1519895.47** | **1215043.78** | **8804.33** |

*Reg. No. 40/LC Dated 18-06-1987*
RUCBF
**THE RAJASTHAN URBAN COOPERATIVE BANKS' FEDERATION LIMITED**
**32/131, Swaran Path, Shipra Path, Man Sarovar, Jaipur-302020**
Tele. 0141-2394726, Email: rafcubf@gmail.com, Website: www.rajucbfed.org.in

**Mohan Parashar**
Chairman
+91-9828523296

**M.L.Sharma**
Chief Executive Officer
+91- 9610780521

## वित्तीय वर्ष 2025–26 में श्रेणीवार प्रगति

राज्य के बैंकों के **व्यवसाय (अमानतें एवं ऋण बकाया)** के आधार पर बैंकों को 5 श्रेणियों में श्रेणीबद्ध किया जाता रहा है। वर्ष 2025–26 में निम्न श्रेणियों में जिन बैंकों ने एक–एक पायदान ऊपर की ओर स्थान प्राप्त कर प्रगति दर्शाई है, वे अग्रानुसार हैं:–

(1) **1000 करोड़ से अधिक**
बारां नागरिक सहकारी बैंक, बारां

(2) **500 करोड़ से अधिक एवं 1000 करोड तक**
रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंकिंग सोसा., जोधपुर

(3) **250 करोड़ से अधिक एवं 500 करोड़ तक**
इण्टीग्रल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, जयपुर एवं
दौसा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., दौसा

(4) **100 करोड़ से अधिक एवं 250 करोड़ तक**
धौलपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, धौलपुर

इन बैंकों की उपलब्धियां प्रशंसनीय है तथा इन बैंकों के अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं स्टाफ बधाई के पात्र हैं।

**अमानतों के क्षेत्र में:**

विशेष रूप से **माउण्ट नागरिक सहकारी बैंक** ने भी अमानतों के स्तर को 1000 करोड़ से पार कर तृतीय श्रेणी मे प्रवेश कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है जो पूरे राजस्थान के लिये गौरव की बात है।

**जालौर नागरिक सहकारी बैंक** एक मात्र बैंक है जिसने अमानतों के क्षेत्र में 20 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर अर्जित की है।

# दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## – माह अप्रैल, 2026 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां –

2 अप्रेलः अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों में चल रहे तनाव के कारण अरबन बैंकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में किये गये निवेश की कीमत में कमी के चलते बैंकों को प्रावधान करने में आ रही समस्या के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक को, बैंकों को नियमों में छूट एवं उचित मार्गनिर्देश जारी करने के लिये निवेदन किया गया।

4 अप्रेल : फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जालौर नागरिक सहकारी बैंक का विजिट कर अध्यक्ष महोदय श्री मोहन पाराशर से विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही 15.04.2026 की नेशनल सेमीनार की रणनीति पर विचार किया।

7 अप्रेलः फैडरशन के संचालक मंडल की बैठक दिनांक 15 अप्रेल, 2026 के विचारणीय विषयों का विवरण सचालक मंडल के सदस्यों को प्रस्तुत किया गया।

8 अप्रेलः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी द्विमासिक मौद्रिक नीति की जानकारी सभी सदस्य बैंकें को प्रेषित की।

9 अप्रेलः सदस्य बैंकों को 31 मार्च, 2026 की स्थिति के तथा गत वर्ष से विभिन्न मदों के तुलनात्मक आंकड़े प्रपत्र 1, 2, 3 व 4 में भिजवाने हेतु निवेदन किया गया।

10 अप्रेलः अरबन बैंकों के अधिकारियों/कर्मचारियों के नये वेतनमान संशोधन के संबंध में रजिस्ट्रार द्वारा गठित कमेटी की बैठक में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा द्वारा भाग लिया गया।

14 अप्रेलः फैडरेशन द्वारा 15 अप्रेल, 2026 को जालोर में फैडरेशन के संचालक मंडल की बैठक एवं अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की आयोजित की जाने वाली नेशनल सेमीनार की प्रारंभिक तैयारी के संबंध में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल.शर्मा एवं प्रबंधक श्री प्रहलाद कुमार गुप्ता जालोर गये। वहां वतन रिसोर्ट की आवास व्यवस्था, मीटिंग हॉल आदि का अवलोकन किया। फैडरेशन अध्यक्ष महोदय श्री मोहन पाराशर जी एवं जालोर बैंक के अधिकारियों से सेमीनार के संबंध में विचार–विमर्श किया।

15 अप्रेलः फैडरेशन द्वारा वतन रिसोर्ट, जालोर में नेशनल सेमीनार का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के अरबन बैंकों के अध्यक्षगण, निदेशकगण, मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। सेमीनार में गुजरात राज्य के कतिपय बैंकों की भी उपस्थिति रही। सेमीनार में नेशनल फैडरेशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी तथा नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कोरपोरेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) के अध्यक्ष श्री ज्योतिन्द्र भाई मेहता की अति विशिष्ठ अतिथि के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके साथ ही सर्वत्र टैक्नोलोजी एवं NUCFDC (अम्ब्रेला संगठन) के प्रतिनिधियों द्वारा उनके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की विस्तार से जानकारी दी।

16 अप्रेलः जालौर नागरिक सहकारी बैंक के नवनिर्मित प्रधान कार्यालय भवन का लोकार्पण राज्य के महामहिम राज्यपाल द्वारा किया गया जिसमें फैडरेशन की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंधक द्वारा भाग लिया गया। समारोह में महामहिम राज्यपाल के साथ मंच पर स्थानीय विधायक श्री जोगेश्वर गर्ग, नेशनल फैडरेशन अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी एवं एनयूसीएफडीसी के अध्यक्ष श्री ज्योतिन्द्र भाई मेहता एवं जालोर बैंक के अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर विराजमान रहे। समारोह में 1000 से अधिक महानुभावों की उपस्थिति रही।

17 अप्रेलः नेफकब के पूर्व अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय स्तर पर सहकारी आंदोलन के जाने माने प्रतिष्ठिम व्यक्ति श्री मुकुन्द लक्ष्मण अभ्यंकर के निधन पर फैडरेशन कार्यालय में शोक सभा आयोजित कर उन्हें याद किया गया। उनके निधन से सहकारी बैंकिंग, शिक्षा एवं समाज के लिये अपूर्ण क्षति हुई है। उनका प्रेरक व्यक्तित्व एवं अथक प्रयास सदैव स्मरणीय रहेंगे। राजस्थान फैडरेशन के अध्यक्ष, संचालक गण, राज्य के समस्त अरबन बैंकिंग सेक्टर एवं स्टाफ की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्वांजलि अर्पित की गई।

22 अप्रेलः **NUCFDC** द्वारा ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग आयोजित कर सहकार रिस्क बेस्ड इंटरनल ऑडिट सर्विस के संबंध में जानकारी दी।

24 अप्रेलः NUCFDC द्वारा ऑनलाईन वर्चुअल मीटिंग आयोजित कर सहकार कम्लायंस मोनिटरिंग सर्विस के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

28 अप्रेलः फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल. शर्मा द्वारा रजिस्ट्रार महोदय से उनके कार्यालय में व्यक्तिशः भेंट कर अरबन बैंकों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

28 अप्रेलः भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अरबन को–ऑपरेटिव बैंकिंग सेक्टर के क्षेत्र के क्षमता निर्माण के लिये मिशन सक्षम "SAKSHM" (सहकारी बैंक क्षमता निर्माण) 28 अप्रेल, 2026 को जारी किया है जिसमें फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर, निदेशक श्री तौसीफ हुसैन एवं निदेशक डा. प्रदीप जोशी द्वारा भाग लिया गया। इस मिशन के तहत अरबन बैंकों के विभिन्न लक्षित समूहों यथा संचालक मंडल के सदस्यों, वरिष्ठ प्रबंधन, आईटी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्यरत स्टाफ को विभिन्न विषयों, यथा रिस्क, कम्पलायंस, अंकेक्षण आदि के संबंध में प्रशिक्षित किया जायेगा।

30 अप्रेलः रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा सहकारिता से समृद्धि के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिये वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये वर्चुअल मीटिंग श्री वी. राम, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (मानव संसाधन) की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा भाग लिया गया। एवं सब बैंकों के साथ विषयवार परिचर्चा की गई।



## स्थापना दिवस/ बैंक कार्य प्रांरभ दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

- बारां नागरिक सहकारी बैंक
  दिनांक 04.अप्रेल, 1959
- ब्यावर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक
  दिनांक 20 अप्रेल, 1992
- भरतपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक
  दिनांक 04 अप्रेल, 1992
- फिनग्रोथ को–ऑप. बैक, जयपुर
  दिनांक 15 अप्रेल, 1959